## इनाम के रूप में खिलाड़ी को दिया पौधा

**भरतपुर** (निसं)। गांव बाछरैन में चल रहे रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में पर्यावरण को लेकर एक बहुत ही शानदार अनूठी पहल देखने को मिली। गांव बाछरैन के वन संवर्धन एवं संरक्षक समूह के सदस्य ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी के. डी चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में होने वाले मैचों में मैन ऑफ द मैच के रूप में एक पौधा इनाम के रूप में संबंधित खिलाड़ी को दिया जा रहा है और संबंधित खिलाडी से शपथ के रूप में यह वचन लिया जा रहा है कि वह इस को आवश्यक रूप से लगाएंगे और उसकी देखभाल अपनी तरह करेंगे पौधे को लगाने के पश्चात इसकी फोटो कमेटी को प्रेषित करेंगे। अभी तक प्रतियोगिता में मैच जीतने वाली टीमों ने उत्साह के साथ इस पुरस्कार को स्वीकार किया है और ग्राम पंचायत के द्वारा की जा रही पहल को सराहनीय बताते हुए पर्यावरण के विषय में पूर्ण सहयोग करने एवं अपने क्षेत्र में जाकर इस प्रकार की इस प्रकार के कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे। समूह के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष पेड़ पौधों एवं पर्यावरण के लिए कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाता है।

# एसडीएम ने पानी की समस्या का 7 दिन में समाधान करने के निर्देश दिये

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। उपखंड कार्यालय में वर्धमान नगर में पानी के लिए महिलाओं के टंकी पर चढ़ने की घटना को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पानी की समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम अनूप सिंह ने बैठक में वर्धमान नगर के वार्ड नंबर 1 से 6 के वासियों से पानी की समस्या का ज्ञापन लेकर जलदाय विभाग से समस्या को लेकर आ रही बाधाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने पूछा कि 5 साल पूर्व विभाग ने टंकी का निर्माण तो करवा दिया तो फिर टंकी खाली क्यों पड़ी है। जिस पर जलदाय विभाग ने जबाब दिया कि महू इब्राहिमपुर के ग्रामीणों ने पाइपलाइन डालने में तथा 5 नलकूप चालू करने में विवाद पैदा कर रखा है। शहर की बिगड़ती में पानी सप्लाई को लेकर एसडीम अनूप सिंह ने जलदाय विभाग के अभियंताओं को फटकार लगाई। एसडीएम ने कहा कि 7 दिन में पानी की समस्या का समाधान करने का अल्टीमेटम दिया है। महू इब्राहिमपुर में आ रही परेशानियों को शीघ्र दूर कर गंभीर नदी के 5 नलकूपों को चालू किया जाए एवं अधूरी पड़ी पाइप पाइपलाइन को डालने का कार्य कराया जाए। एसडीएम अनूप सिंह वर्धमान नगर की नवीन टंकी पर पानी की समस्या को लेकर चढ़कर प्रदर्शन करने की घटना को गंभीरता से लिया है।ऐसी घटनाएं भविष्य में पुनर्वृती नहीं हो। इसके लिए विभाग को मुस्तैदी से कार्य करना होगा। बैठक में जलदाय विभाग के एसई परशुराम वर्मा, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता भगवान सहाय, जेईएन जगदीश मीणा, नई मंडी थाना अधिकारी गिर्राज प्रसाद वर्धमान नगर के पार्षद राजेंद्र शर्मा, हरभान सिंह, ठेकेदार सहित वर्धमान नगर के दर्जनों महिला पुरुष मौजूद रहे।



पानी की समस्या को लेकर लोगों ने एसडीएम अनूप सिंह को ज्ञापन सौंपा।

## कौशल विकास शिविर का अवलोकन किया

**भरतपुर,**(निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एल ए भरतपुर द्वारा संचालित जिला स्तरीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर ; समर कैम्प जो अग्रसेन पब्लिक स्कूल भरतपुर में संचालित हो रहा है, उसका निरीक्षण एवं अवलोकन 15 जून प्रात: 9.00 बजे सहाब सिंह संयुक्त निदेशक शिक्षा संभाग भरतपुर, केदार पाराशर सहायक प्रभारी कमिश्नर स्काउट भरतपुर, राजेन्द्र मीणा सी.ओ. स्काउट भरतपुर, मनीष कुमार जैन अध्यक्ष जिला शरतंज संघ भरतपुर, मुरारी लाल शर्मा ए.एल.टी., द्वारा किया गया। इस दौरान सिलाई, पेन्टिंग, मेंहन्दी, कराटे, तायक्वाडों, गीत्र-संगीत, नृत्य, ब्यूटीशियन, योगा, महिला आत्म सुरक्षा वर्कशॉप, इंगलिश स्पोकन, कम्प्यूटर की प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण एवं अवलोकन किया तथा प्रशिक्षाणार्थियों से चर्चा की गई। शिविर के सभी 160 प्रक्षिणार्थीयों एवं प्रशिक्षकों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सहाब सिंह संयुक्त निदेशक शिक्षा, अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, गौरव सैनी थे।

### सार-समाचार

## सैंपऊ कस्बे के मुख्य बाजार में मासूम दो बेटियों को लावारिस छोड़ गई मां

**सैपऊ,**(निसं)। कस्बे में बुधवार को पीएनबी बैंक के निकट एक मां अपने दो मासूम बेटियों को बिलखती हुई छोडकर चली गई। लावारिस हालत में मासूमों को देख आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर एकजुट हो गई इस दौरान एक पत्रकार ने बड़ी मानवता दिखाई। दोनों मासूम बेटियों को संभाला और घर ले जाकर देखभाल की तथा भूख से तड़प रही दोनों बेटियों को दूध भी पिलाया। मामले की सूचना चाइल्डलाइन को दी गई तभी सूचना पर चाइल्ड लाइन की टीम तथा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले को लेकर जानकारी जुटाई गई पुलिस के द्वारा की गई तहकीकात में मासूमों की मां पिता सहित अन्य परिजनों को भी मौके पर बुलाया। पीड़ित महिला ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की है पति की करतूत से तंग आकर बेचारी मां ने अपनी कोख में पली मासूम बेटियों को छोडकर दूर चले जाने का मन बना लिया। चाइल्डलाइन की टीम ने दंपति से समझाइस की गई सुलह के बाद मासूमों को उनके सुपुर्द कर दिया है।

## रमेश शर्मा ग्राम हुक्मी खेड़ा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने

**ढिंढोरा,** (नि.सं.)। ब्राह्मण समाज हुक्मी खेड़ा की बुधवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष भरत लाल शर्मा ने की। ब्राह्मण समाज के उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पूर्व प्रधानअध्यापक रमेश शर्मा को ग्राम हुक्मी खेड़ा ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष चुना गया तथा उनसे कहा गया कि 15 दिवस में अपनी कार्यकारिणी का गठन कर सूचित करें पूर्व अध्यक्ष भरत लाल शर्मा ने अपना पिछला आव्य का बोरा समाज की बैठक में प्रस्तुत किया नए चुने गए अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया और अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन समाज हित में कार्य करेंगे समाज में फिजूलखर्ची एवं व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए समाज हित में कार्य करेंगे समाज के छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरुक कर शिक्षा को बढ़ावा देंगे इससे पूर्व भगवान श्री परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित पूजा कर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ मीटिंग की कार्यवाही शुरू की गई सभी ब्राह्मण बंधुओं ने नए एवं पूर्व अध्यक्ष का साफा माला पहना कर सम्मान किया बैठक का आयोजन हुक्मी खेड़ा खेड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच दिनेश शर्मा के आवास पर किया गया उक्त मौके पर जगदीश शर्मा राधेश्याम शर्मा भागीरथ शर्मा भगवान सहाय शर्मा कौशल शर्मा रिंकू पंडित पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त शर्मा सोमदत्त शर्मा ओमी शर्मा ब्रह्मानंद शर्मा हरिप्रसाद शर्मा हरदयाल शर्मा गंगाराम शर्मा पूर्व सरपंच दिनेश शर्मा गणपत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धमकाने का मामला दर्ज कराया

**बयाना**। बयाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विधवा महिला ने बुधवार को कोतवाली पुलिस बयाना में नामजद आरोपी के विरूद्ध उससे फोन पर अश्लील बातें करने व परेषान करने तथा आपत्तीजनक मैसेज भेजने और धमकाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार पीडिता विधवा महिला ने गांव षेखपुर निवासी युवक रामअवतार जाट पर उसे फोन पर आपत्तीजनक अश्लील बातें करने व अश्लील मैसेज भेजने और धमकाने और कई बार घर पर आकर उसकी नाबालिग पुत्री से भी गलत बातें करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है और आरोपी के विरूद्ध सख्त कार्रवाही की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही षुरू की है।

## नवनीत शर्मा को डॉ. की उपाधि

**करौली,** (निंसं.) मध्य प्रदेश के इंदौर की मालवंचल यूनिवर्सिटी (इंडेक्स मेडिकल कॉलेज) द्वारा जगदीश प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती तुलसीदेवी के पुत्र नवनीत शर्मा निवासी आनंदगढ़ जिला करौली क़ो पीएचडी नर्सिंग की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. शर्मा ने मिडिल स्कूल लेवल विद्यार्थियों (9 से 14 वर्ष) क़ो सडक दुर्घटनाओ के लिए जागरूक करने में वीडियो मॉडुल्स की टीचिंग में शोध कार्य डॉ0 पीटर जोसफ यूथम के निर्देशन में संपन्न किया इसी विषय पर उनके रिसर्च पेपर इंटरनेशनल और नेशनल नर्सिंग जर्नल्स में भी प्रकाशित किये जा चुके है।

## योग जागृति रैली निकाली

**करौली** (निंसं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के संभागीयो ने आगामी 21 जून को मनाए जा रहे विश्व योग दिवस की जागृति के लिए रैली निकाल कर लोगों को योग करने के लिए जागृत किया

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता एवं लोगों को योग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्व योग दिवस जन जागृति रैली का आयोजन किया गया जिसमें ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने जन जागृति रैली निकाली जिसको सदर बाजार से व्याख्याता एवं रोवर लीडर गणपत लाल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया स्वयं गणपत लाल गुप्ता ने इस रैली का संचालन भी किया इस अवसर पर संचालक गणपत लाल गुप्ता ने शिविर संभागीयो को योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

# ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल यात्रा का करौली में भव्य स्वागत

- **मशाल यात्रा करौली के मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम पहुंच, जहां स्वागत किया**

**करौली,** (निंसं.)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल यात्रा का जिला मुख्यालय पर स्वागत किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2021-22 के क्रियान्वयन में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल यात्रा करौली के मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम पहुंची जिसका जिलाधिकारी मानसिंह,खेल प्रेमियों तथा खिलाड़ियों ने स्वागत किया इस दौरान जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा कि अनुपालना में ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए 6 खेलों का आयोजन राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलो के दौरान किया जाएगा। जिसके अंतर्गत कबड्डी,टेनिस बॉल,क्रिकेट,हॉकी,खो-खो,शूटिंग बॉल,वॉलीबॉल आदि खेलों का आयोजन ग्रामीण,ब्लॉक,जिला एवं राज्य स्तर तक आयोजित किया जाएगा खिलाड़ियों के ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्व में ही निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पूर्ण की जा चुकी है इसके पश्चात जिला खेल अधिकारी मान सिंह द्वारा समस्त खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के साथ राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक मशाल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर हिण्डौन के लिए रवाना किया गया जिला खेल अधिकारी मान सिंह ने बताया कि यह मशाल यात्रा राजस्थान के प्रत्येक जिले में होकर गुजरेगी इस यात्रा का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेलों के प्रति रुचि एवं जागरूकता उत्पन्न करना है। यह मशाल यात्रा राजस्थान के सभी जिलों में होकर 28 अगस्त को राजधानी जयपुर में पहुंचेगी।

## किसान संवाद सम्मेलन आयोजित

**भरतपुर** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला भरतपुर द्वारा भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन रारह के नेतृत्व में नरेन्द्र मोदी सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रबुद्धजन एवं किसान संवाद सम्मेलन का आयोजन भाजपा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता की अध्यक्षता में किया। समारोह में विशिष्ठ अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, गिरधारी तिवारी, कलीचरण धनगर, युवा नेता कुँ. हिम्मत सिंह, सोम्या सिंह, भाजपा नेता गोपाल पहाडिया, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र मीणा, प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के सम्भाग प्रभारी लाल सिंह डी.एफ.ओ, जाट महासभा के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुन्तल, पूर्व जिला प्रमुख राजवीर सिंह, भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह सिनसिनवार, नगर निगम प्रतिपक्ष के नेता कपिल फौजदार, किसान मोर्चा के जिला प्रभारी सुरेश मीणा, एस.सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दुर्गेश बूटौलिया, चिकसाना मण्डल अध्यक्ष गोविन्द सिंह, जघीना मण्डल अध्यक्ष हमवीर सिंह, घनेश कासौट, बाबू सिंह, अमर सिंह, खुशीराम पूनियां मंचासीन अतिथि रहे।

# 'धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है भाईचारा'

- **कार्यक्रम में आधा दर्जन मंडलियों ने राजनीतिक, सामाजिक गीतों की प्रस्तुति दी**

**करौली,** (निंसं.)। करौली के निकट सायपुर गांव में चल रहे दो दिवसीय हेला ख्याल दंगल कार्यक्रम में पहुंचे सांसद मनोज राजोरिया ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से भाईचारा बढ़ता है ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

आम बस्ती सायपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय हेला ख्याल दंगल कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय सांसद डॉ0 मनोज राजौरिया ने शिरकत की इस दौरान आधा दर्जन से अधिक ख्याल मंडलीयो ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए धार्मिक,पौराणिक और वर्तमान सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक स्थिति को लेकर गीतों की प्रस्तुति दी गई। दिन भर कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ भाड रही।

कार्यक्रम मे समिति की ओर से चतुर्वेदी मंडल सायपुर,हनुमान मंडल मोहनपुर,राधा कृष्ण मंडल किरतपुरा,राधा रमन मंडली गंधार,रानी लकी शर्मा मंडली तथा कई अन्य मंडली के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी आयोजन समिति के सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद डॉ. मनोज राजौरिया पहुंचे जिनका ग्रामीणों की ओर से माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। सांसद ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ता है इस दौरान उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी जोर दिया कार्यक्रम के शुभारंभ पर पूर्व मंत्री स्वर्गीय ललित किशोर चतुर्वेदी के पुत्र डॉ0 लोकेश चतुर्वेदी भी पहुंचे उनके अलावा गांव के रामस्वरूप चतुर्वेदी, पूर्व सरपंच धर्मचंद चतुर्वेदी, प्रकाश, छुट्टन लाल, गोरेलाल के अलावा गांव की युवा टीम व्यवस्थाओं को संभालती नजर आई।

## कई घंटों की समझाईश के बाद हुआ पोस्टमार्टम, शव परिजनों को सौंपा

**बयान,**(निसं)। बयाना उपखंड के गांव ब्रम्हबाद के पास मंगलवार को रेल पटरियों के सहारे क्षत-विक्षत अवस्था में मिले एक युवक के शव का आज कई घंटों की मशक्कत और समझाईश के बाद परिजनों के सहमत होने पर मेडीकल बोर्ड की टीम से पोस्टमार्टम व पंचनामा करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इससे पहले यह परिजन मृतक के शव का पोस्टमार्टम भरतपुर अस्पताल में कराने पर अड़े हुए थे। जो समझाइश के बाद बयाना के अस्पताल में ही पोस्टमार्टम करवाने पर सहमत हो सके। रूदावल के थानाप्रभारी प्रेमसिंह भास्कर ने बताया कि मृतक की पहचान कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव अवार निवासी तेजवीर सिंह जाटव पुत्र लाखन सिंह जाटव आयु करीब 18 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने इस युवक की हत्या होने की आशंका जताई है।

# जल स्त्रोतों के रखरखाव और ध्यान नहीं देने से क्षेत्र का जलस्तर नीचे पहुंचा

**गंगापुर सिटी,**(निसं)। समीपवर्ती टोकसी गांव के तालाब में डेढ दशक से ज्यादा समय से बरसाती नालो का पानी नहीं पहुंचने से तालाब सूखने के कगार पर है जिससे क्षैत्र में पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। राजीव गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश मंगल ने बताया कि तालाब को भरने वाले गैर मुमकिन बरसाती नालों का अतिक्रमण के चलते अस्तित्व समाप्त हो गया है।

बरसाती नालों को दुरुस्त कराने वह अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री सहित विभागीय अधिकारियो को पत्र भेजने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से अतिक्रमियो के हौसे बुलंद है। गंगापुर सिटी क्षेत्र की आम जनता पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। शहरी क्षेत्रों में तो जनता सिर्फ नलकूपो पर ही निर्भर हो चुकी है। पेयजल सप्लाई करौली जिले के मंडरायल क्षेत्र से की जा रही है जिसकी पूर्ण रूप से आपूर्ति नहीं हो पा रही है ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या के साथ-साथ क्षेत्र के सिंचाई समस्या तालाब बांध जल स्त्रोतों के रखरखाव नहीं होने से गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी है शहरी क्षेत्र के लिए पूर्व में शहर की चर्चित नहर जिस पर लगभग 15 वर्षो से कुशाल लेक नहर परियोजना का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। उक्त नहर लगभग 10 वर्षों से वर्षा का जल डायवर्ट कर दिए जाने के कारण रिती और सुखी पडी है जिसके चलते शहरी क्षेत्र के बहुत बडे इलाके का जलस्तर रसातल में पहुंच गया है और हैंडपंप नलकूप नकारा हो चुके हैं।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी बदतर है पूर्व मैं तालाब बांध जल स्त्रोतों का बहुत ही महत्व था क्षेत्र का जलस्तर ऊपर ही बना रहे इसके लिए राजेश सर और आम जनता सक्रिय रुप से ध्यान देकर उनका रखरखाव करते थे और वर्षा काल में वर्षा के जल को संचित कर वर्ष भर उसका का लाभ उठाते जल स्त्रोतों के भरे रहने के चलते क्षेत्र का जलस्तर ऊपर ही बना रहता लेकिन कुछ वर्षो से संबंधित विभाग एवं प्रशासनिक व्यवस्था के उदासीन रवैया के चलते यह कार्य कागज फाइलों और विज्ञापनों मैं ही सिमट कर रह गया है। ग्रामीण क्षेत्र में नाजिमवाला तालाब, बनिया वाला तालाब, छोटी उदेई तालाब, पीलोदा तालाब, चुली बांध, टोकसी तालाब आदि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर तालाबों की भरमार है लेकिन वर्षा का जल तालाबों में सुगमता से नहीं पहुंचने पर वर्षा काल में तालाब बांध आधे-अधूरे रह जाते हैं। ग्राम पंचायत टोकसी तालाब तो जलभराव वाले गैर मुमकिन बरसाती नालों पर अतिक्रमण के चलते लगभग एक दशक से रीता ही पडा है जिससे इस क्षेत्र का जलस्तर काफी नीचे चला गया है।

## प्रतिभावान बालिका का सम्मान

**करौली,** (निंसं.)। आदर्श माध्यमिक विद्या मन्दिर टोडाभीम की होनहार बालिका बहन हेमाद्री कँवर पुत्री वैद्य महादेव सिंह दाँतली को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के परीक्षा परिणाम में 93.83प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट परिणाम देने पर बालिका के उत्साह वर्धन एवं सम्मान करने के लिए विद्यालय परिवार ने बालिका के घर पहुँच कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया एवं मिठाई खिलाकर मूँह मीठा कराया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य लोकेन्द्र सिंह चौहान,आचार्य श्रीमती रश्मि,श्रीमती पूनम, दिलीप कुमार शर्मा,सुरेश चन्द्र शर्मा,शिवराम मीणा के साथ विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य राजेन्द्र गुप्ता एवं राजेन्द्र सिंह राजावत सम्मिलित हुए। बालिका के उत्कृष्ट परिणाम से अभिभूत विद्यालय परिवार के अपने घर आगमन पर वैद्य महादेव सिंह दाँतली ने सपत्नीक गुरूजनों का पादप्रक्षालन कर सम्मान किया।

# जलभराव की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले व्यापारी

**हिण्डौन सिटी** ,(का.सं.)। शहर के मुख्य बाजार में नालियों से पानी निकासी की व्यवस्था नही होने पर बारिस के दिनों में बजार जलमग्न हो जाने की समस्या को लेकर वुधवार को व्यापार संघ के पदाधिकारी उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह से मिले जिन्होंने गत तीन वर्षो से चली आ रही जलभराव से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। व्यापार संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल एसडीएम सिंह को समस्या से अवगत कराते हुए कहा है कि शहर के मुख्य बाजार डंप रोड, कटरा बाजार, सर्राफा बाजार सहित मुख्य मार्गों व गलियों में जलभराव की स्थिति पिछले 3 सालों से बनी हुई है। बार-बार प्रशासन को बताने के बावजूद भी समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। व्यापारियों ने चिंता जताते हुए बताया कि जलभराव की स्थिति के कारण उन्हें व्यापार में नुकसान हो रहा है। बाजार में आवागमन की स्थिति लगभग बंद हो गई है। आए दिन लोग जलभराव की स्थिति के कारण बाजार में जाम लग जाता है और कई लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। इस समस्या से परेशान होकर व्यापारियों ने अनिश्चितकाल बाजार बंद करने की ठानी थी, लेकिन व्यापार संघ के अध्यक्ष आग्रह पर उन्होंने एसडीएम से मुलाकात कर इस समस्या से निजात पाने की पुरजोर मांग की है साथ ही एसडीएम को अवगत भी कराया यदि समस्या का समाधान जल्दी नहीं किया गया तो व्यापारियों को विवश होकर आंदोलन करना पड़ेगा। एसडीएम और व्यापारी प्रतिनिधि मंडल के मध्य वार्ता के दौरान एसडीएम अनूप सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मामले को संज्ञान में लेकर इस समस्या से आपको निजात दिलाई जाएगी। तब तक आप भी निश्चिंत होकर अपना व्यापार चलाएं। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जलदाय विभाग के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कमरे में फांसी के फंदे पर झूल अधेड़ ने की आत्महत्या

**सैंपऊ,** (निस)। कौलारी थाना क्षेत्र के मालोनी पंवार गांव में एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है।

बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही थाना अधिकारी नरेश पोसवाल बसई नवाब चौकी प्रभारी एएसआई राजवीर मीणा पुलिस जाप्ता के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर सीएचसी मोर्चरी पर रखवाया है जानकारी के मुताबिक बच्छू सिंह पुत्र जोहरी लाल जाटव की घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हुई है। बताया गया है कि गृह क्लेश के चलते कुछ दिन पूर्व उसकी पत्नी अपनी तीन बेटी और दो बेटों के साथ मायके गई हुई थी। बीते करीब 2 माह से वह अपने पियर में ही रह रही थी इसी गृह कलेश के चलते बच्छू सिंह ने अपने कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली है। वह शराब के नशे का भी आदी बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस की ओर से परिजनों की तहरीर के आधार पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है तथा मामले में मर्ग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# 'तय समय सीमा में पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें'

**करौली,** (निंसं.)। जल जीवन मिशन अन्तर्गत जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में जिला कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए डां राजौरिया ने अधिकारियो को निर्देशित किया कि समयबद्ध कार्यक्रम के तहत निर्धारित समय सीमा में 851 गांवों में हर घर को नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए गांवों को चिन्हित कर प्लान बनाकर कार्य पूर्ण किये जायें। उन्होंने कहा कि जलदायक विभाग के अधिकारी एवं जल जीवन मिशन की टीम एक सप्ताह के अन्दर 51 गांवों में यानि की 30 जून तक 50 प्रतिशत कार्य एवं 31 जुलाई तक शत प्रतिशत कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों में प्रभावशाली व्यक्ति रहते हैं उनके साथ बैठकर इस बारे में चर्चा करें। नयी टीम का गठन करें, समय पर बैठक आयोजित करें और ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए उनकी मांग के अनुरूप एक्शन प्लान तैयार करते हुए और हर घर तक नल के माध्यम से जल पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो ट्यूबबैल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जो प्लान तैयार किया गया है उसमें रिचार्ज सिस्टम का प्लान भी तैयार करते हुए चिन्हित स्थान का अवलोकन करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

आंगनबाडी केन्द्रों एवं विद्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिकता से पाईपलाईन के माध्यम से जोडकर सभी को जल उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने ग्रामीणों को घरों में नल के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक करने एवं जनसहयोग से एकत्रित करने वाली राशि के लिए ग्रामवासियों को जलजीवन मिशन के उद्देश्यों के बारे में भली भांती समझायें ताकि ग्रामवासी आगे होकर इस योजना का लाभ उठायें। लोगों से सम्पर्क कर योजना के बारे में चर्चा करें और योजनाओं के माध्यम से हर घर तक जल पंहुचाया जाना करें।

बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव परसराम वर्मा ने बताया कि जल हर व्यक्ति को उपलब्ध हो और हर घर तक नल के माध्यम से जल पहुंचाया जाना सुनिश्चित होगा तभी जल जीवन मिशन की सफलता की परिकल्पना साकार होगी। उन्होने बताया कि मिशन के अन्तर्गत ग्रे वाटर का प्रबंधन जल निकास,स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने,मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देने,आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जल मिशन के प्रति लोगो को जागरूक करने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिये स्वास्थ्य सांकेतिक जल जनित बीमारियों के आंकडों का विश्लेषण करते हुए गांवों में नल से हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना ही इस मिशन का उद्देश्य है।

## टिपर चोरी मामले में कार्रवाई की मांग

**भरतपुर** (निसं)। श्री राजपूत सभा, जिला भरतपुर की ओर से सारस चौराहा स्थित होटल ईटल नेस्ट में उच्चैन थाने से चोरी हुए ट्रक के मामले में ट्रक चोर को पकडने एवं इस मामले में नामजद तत्कालीन उच्चैन थानाधिकारी राजेश कसाना को गिरफतार किए जाने की मांग को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। पत्रकार वार्ता के दौरान श्री राजपूत सभा भरतपुर अध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह थना ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पिछले दिनों 5 मई 2022 को गांव जयचोली के खेत पर कार्य करते समय उच्चैन थाना पुलिस ने झूठी शिकायत पर नए टिपर आरजे 05/जीबी 0672 को जप्त कर लिया। और बाद में 6 मई को उच्चैन थाने से यह टिपर चोरी होना बताया गया। इस संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर कोर्ट में याचिका दायर की गई।उच्चैन थानाधिकारी राजेश कसाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लेकिन पुलिस द्वारा टिपर को 6 जून से गायब होने के बाद भी अभी 1 माह 10 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। पत्रकार वार्ता के श्री राजपूत सभा भरतपुर अध्यक्ष दौरान रेवेन्द्र सिंह थना, ध्रुव सिंह जादौन पूर्व अध्यक्ष श्रीराजपूत सभा भरतपुर आदि मौजूद रहे।

# 'योग दिवस मनाने के लिए सभी वार्डों में जनसम्पर्क किया जायेगा'



भरतपुर में 21 जून को योग दिवस मनाने के लिए लोगों से सम्पर्क किया।

**भरतपुर** (निसं)। श्री ब्रजेन्द्र बिहारी जी महाराज के प्रांगण में सनातन धर्म यात्रा समिति व ब्रज भूमि कल्याण परिषद की सयुक्त बैठक अनिल भारद्वाज प्रदेश महासचिव ब्रज भूमि कल्याण परिषद एवं सह संयोजक सनातन धर्म यात्रा समिति भरतपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस से टेक्नोलॉजी पार्क में श्रीमद्भागवत महाज्ञान यज्ञ आलोक शर्मा कथा मुख्य संयोजक लोकेश सिंघल सह संयोजक रवि कांत सह संयोजक रहेंगे। इस संदर्भ में सेवर के सामाजिक युवा कार्यकर्ता संजय डांगी ने बताया कि सेवर कस्बे की सभी बस्तियों में सभी जाति बिरादरियों से व्यापक जन सम्पर्क किया जावेगा। इसके लिए बस्ती प्रमुखों के साथ बैठक चर्चा होगी गिरीश कुमार शर्मा व ताराचंद गुप्ता ने कहा कि सेवर बाजार में सभी व्यवसायियों से संपर्क कर इस महाज्ञान यज्ञ में सहभागी बनने का आग्रह किया जावेगा साथ ही 18 जून सांय 5 बजे से आज़ादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर पंचायत समिति सेवर से ब्रजेन्द्र बिहारी मंदिर तक युवाओ में राष्ट्र भक्ति व सनातन संस्कार जाग्रत करने के लिए राष्ट्रीय ध्वज के साथ सनातन धर्म पद यात्रा का निकाली जाएगी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स नरसी प्रसाद सिंघल ग्राम व पोस्ट सूरौठ तहसील हिण्डौन सिटी जिला करौली, कार्यालय रजिस्ट्रार of firms करौली में पंजीकरण संख्या 33/08/2015 से पंजीकृत है। इसमें 5 भागीदार 1 नरसी प्रसाद सिंघल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सिंघल, 2 घनश्याम सिंघल पुत्र श्री नरसी प्रसाद सिंघल, 3 नीरज कुमार सिंघल पुत्र श्री नरसी प्रसाद सिंघल, 5 अखलेश कुमार सिंघल पुत्र श्री नरसी प्रसाद सिंहल है। इनमें से नीरज कुमार सिंघल पुत्र श्री नरसी प्रसाद सिंघल सेवानिवृत हो रहे हैं। इसमें किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर कार्यालय रजिस्ट्रार of firms करौली में आपत्ति दर्ज करा सकते है।

**नाम परिवर्तन**

मैं भीमराज पुत्र श्री चौथी लाल आर्मी नं. 14249610W रैंक हवलदार निवासी तेजगांव त. नादौती जि. करौली सशपथ बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आर्मी रिकॉर्ड में देवनारायण एवं जन्मतिथि 06.03.2003 गलत दर्ज है जबकि उसके शैक्षणिक दस्तावेजो में नाम देवनारायण सिंह एवं उसकी जन्मतिथि 16.03.2004 सही दर्ज है। अत: भविष्य में उसे देवनारायण सिंह S/O भीमराज एवं उसकी D.O.B.16.03.2004 से मानी जावें।

